भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2068
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

डाकघर बचत योजनाओं का डिजिटलीकरण

2068. डॉ. डी. रवि कुमार :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडिया पोस्ट 1.64 लाख से अधिक डाकघरों का संचालन करके 45 करोड़ से अधिक डाक बचत खाताधारकों की सेवा कर रहा हैं और डाकघर बचत योजनाओं को आधुनिक बनाने और डिजिटल बनाने के लिए सुलभता, पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए क्या उपाए किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 100% डाकघरों को कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) के दायरे में लाया गया है और ऑनलाइन जमा, निकासी, निधि अंतरण और वास्तविक समय में शेष राशि संबंधी पूछताछ करने के लिए उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) प्लेटफॉर्म के माध्यम से जोड़ा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोई डाकघर पूर्ण डिजिटल एकीकरण के दायरे से बाहर है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसे पूरा करने के लिए समयबद्ध रूपरेखा क्या है; और

(घ) क्या एनएससी, केवीपी और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जैसी योजनाओं के तहत लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए आईपीपीबी मोबाइल बैंकिंग सहित नए डिजिटल प्लेटफॉर्म, मोबाइल ऐप और कागजमुक्त सेवाएं शुरू की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसका प्रभाव क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) जी, हां। डाक विभाग, 1.64 लाख से अधिक डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से 45 करोड़ से अधिक डाकघर बचत बैंक (पीओएसबी) खाताधारकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है।

डाकघर बचत योजनाओं को आधुनिक बनाने और डिजिटल बनाने के लिए पीओएसबी में इसके सीबीएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल सेवाओं जैसे एटीएम, इंटरनेट एवं मोबाइल बैंकिंग, खाते को ऑनलाइन खोलना/बंद करना, राशि जमा करना, ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से वास्तविक समय में शेष राशि संबंधी पूछताछ, एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से निधि अंतरण, आईपीपीबी-पीओएसए लिंकेज आदि को कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) के साथ सक्षम किया गया है। पीओएसबी ग्राहकों को दी गई सुविधाओं के अतिरिक्त, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) अपने ग्राहकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है जैसे बचत एवं चालू खाते, वर्चुअल डेबिट कार्ड, घरेलू धनांतरण सेवाएं, बिल एवं जनोपयोगी सेवाओं संबंधी भुगतान, आईपीपीबी ग्राहकों के लिए बीमा सेवाएं, डाकघर बचत योजनाओं के लिए ऑनलाइन भुगतान, डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी), आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस), किसी भी नागरिक के लिए आधार में मोबाइल नंबर अद्यतन तथा 0-5 वर्ष की आयु के किसी भी बच्चे के लिए बाल नामांकन सेवाएं। ये सभी सेवाएं पहुंच को सुलभ बनाने, पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में सहायक हैं।

(ग) जी, नहीं। सभी डाकघर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य कर रहे हैं।

(घ) डाक विभाग द्वारा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी), किसान विकास पत्र (केवीपी) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) के अंतर्गत लेन-देन सक्षम किया गया है। इन पहलों ने ग्राहकों की सुविधा में सुधार किया है एवं प्रचालनों को और अधिक सुविधाजनक बनाया है।

*****